हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज


भोपाल, शनिवार 25 अप्रैल 2026



06 आरोन सिविल अस्पताल की लापरवाही पर उठे सवाल...



07 जिले में तीखी गर्मी के साथ तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा






## नगर के इंवेंट

### किसानों की आस 'मोबाइल कोर्ट' में विश्वास

**गुना।** कलेक्टर की अभिनव पहल मोबाइल कोर्ट के तहत विभिन्न प्रकरणों का आपसी समन्वय के आधार पर निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार 24 अप्रैल को ग्राम खेराड में प्रेम सिंह गाडरी की भूमि पर अनावेदकों के कब्जा संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसे मौके पर सीमांकन कर राजस्व एवं पुलिस के द्वारा कब्जा दिलवाया गया। कब्जे के समय मौके पर डॉ. उदय सिंह तहसीलदार, तहसील मकसूदनगढ़, तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी कमल सिंह कोली, राजस्व निरीक्षक लल्लू सिंह भील, पटवारी बजे सिंह भिलाला, कोमल सिंह भील, राकेश यादव तथा कोटवार व पुलिस की ओर से चौकी प्रभारी रवि भिलाला की टीम द्वारा कार्यवाही की गई। आवेदक एवं उसकी पत्नी तथा अनावेदक मौके पर उपस्थित रहे। मौके पर आवेदक को भूमि माप कर सुपुर्द की गई। इसी प्रकार ग्राम महुआ खेड़ा में सुखराम लोधी द्वारा सर्वे क्रमांक 81 131 एवं 149 में से अपनी हिस्से की अपनी बिजली पानी एवं भूमि संबंधी समस्या का आवेदन दिया था। जिसमें मौके पर पाया गया कि सुखराम की भूमि पर स्वयं आवेदक का ही कब्जा है। उनके भाई मौके पर मौजूद रहे तथा मां ने स्वयं बताया कि सुखराम बिजली पानी एवं भूमि का उपयोग यथावत कर रहा है। दोनों आवेदकों द्वारा अपनी समस्या का समाधान होने पर कलेक्टर श्री कन्याल को शुभकामनाएं प्रेषित की।



### गांधी वोकेशनल कॉलेज में "नारी शक्ति वंदन" कार्यक्रम का आयोजन

**गुना।** गांधी वोकेशनल कॉलेज में 24 अप्रैल 2026 को "नारी शक्ति वंदन" कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी मंजूषा खत्री रहीं, जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय के चेयरमैन अवधेश श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने नारी सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी।चेयरमैन श्रीवास्तव ने महाविद्यालय की 25 वर्षों की शैक्षणिक यात्रा, NAAC A ग्रेड उपलब्धि एवं आगामी सत्र से MBA व BBA पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की जानकारी दी।कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. एस.एस. श्रीवास्तव सहित अनेक प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन श्रीमती संध्या भार्गव ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा द्वारा किया गया।





### रेडक्रॉस समिति गुना की बैठक संपन्न, सेवा सप्ताह के तहत विभिन्न शिविरों की घोषणा

**गुना।** रेड क्रॉस समिति गुना की प्रबंध समिति की बैठक सर्किट हाउस में प्रांतीय महासचिव रामेंद्र सिंह की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष डॉ. एलके शर्मा, प्रांत प्रतिनिधि नर्मदा शंकर भार्गव, कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में गत वर्ष के कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा रेड क्रॉस स्थापना दिवस के अवसर पर सेवा सप्ताह आयोजित करने की घोषणा की गई। इस दौरान 27 अप्रैल को दर्द निवारण शिविर, 2 मई को नशा मुक्ति शिविर, 4 मई को नेत्र शिविर, 5 मई को बाल रोग शिविर, 6 मई को टीबी शिविर, 7 मई को सीपीआर प्रशिक्षण एवं 8 मई को सम्मान समारोह एवं रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया।साथ ही 3 मई को नए सदस्यों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें नेत्रदान एवं देहदान हेतु सहमति प्रपत्र भी भरवाए जाएंगे। बैठक में सभी संस्थाओं से सहयोग की अपील की गई।



### कोड सुजन-2026 हैकाथॉन में वंदना कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**राघोगढ़ (गुना)।** जयपी इंजीनियरिंग कॉलेज, राघोगढ़ में आयोजित "कोड सुजन-2026" राष्ट्रीय हैकाथॉन में वंदना कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विषय के 8 विद्यार्थियों ने दो टीमों के रूप में भाग लिया, जिनका मार्गदर्शन शिक्षक श्री हेमेन्द्र शर्मा द्वारा किया गया।प्रतियोगिता में टीम वि.सी.एस. कोडर्स ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 5000 का पुरस्कार हासिल किया। इस टीम में शिवांश रैकवार, अश्विनी शर्मा, उन्नति एवं दिव्यांश शामिल रहे। टीम ने "स्मार्ट एग्रीकल्चर असिस्टेंट" नामक नवाचार आधारित सॉफ्टवेयर तैयार किया, जिसे निर्णायकों ने सराहा।वहीं दूसरी टीम साइबर नाइट्स को विशेष पुरस्कार 1500 से सम्मानित किया गया। इस टीम में करण चौधरी, नैना दुबे, शिवांश अग्रवाल एवं चित्रांश अग्रवाल शामिल थे, जिन्होंने "रिकमेंडेशन सिस्टम" विकसित किया।विद्यालय में प्रार्थना सभा के दौरान उपप्राचार्या सिस्टर जानसी एवं समस्त शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।



# यातायात पुलिस ने शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली हेलमेट रैली

**'मत करो इतनी मस्ती, जिंदगी नहीं है सस्ती' स्लोगन ने किया जागरूक**

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

शहर में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा हेलमेट जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से हुआ, जहां पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया।इसके बाद रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई आमजन को यातायात नियमों के पालन और हेलमेट पहनने का संदेश देती रही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, समाजसेवी एवं आम नागरिक हेलमेट पहनकर रैली में शामिल हुए।रैली के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में जागरूकता संदेश लिखे बैनर थाम रखे थे, जिन पर "मत करो इतनी मस्ती, जिंदगी नहीं है सस्ती" जैसे स्लोगन विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट के महत्व और सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया।यातायात पुलिस द्वारा पूर्व में भी आमजन से अपील की गई थी कि वे रैली में भाग लेकर हेलमेट के उपयोग को अपनी आदत बनाएं, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम किया जा सके।

रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यातायात नियमों का पालन केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।







**जिला बदर बदमाश विकास पाटिल सहित 3 आरोपी गिरफ्तार, 24 लाख का मशरूका जब्त**

# आईपीएल सट्टे के बड़े गिरोह का भंडाफोड़ थार में चल रहा था ऑनलाइन कारोबार

**गुना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, हाईवे किनारे मिडवे ट्रीट के पास पकड़ा गया गिरोह**

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

आईपीएल क्रिकेट मैचों पर ऑनलाइन सट्टा चलाने वाले एक बड़े और संगठित गिरोह का गुना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। धरनावदा थाना क्षेत्र में हाईवे किनारे एक थार गाड़ी में बैठकर अवैध ऑनलाइन सट्टा संचालित किया जा रहा था।

पुलिस ने दबिश देकर जिला बदर कुख्यात बदमाश विकास पाटिल, दिव्यांशु उर्फ नैनो और शुभम उर्फ टीआई को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल, नगदी और थार वाहन सहित करीब 24 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया गया है।




**एसपी हितिका वासल ने दिया सख्त संदेश**

पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि जिले में ऑनलाइन सट्टा, जुआ और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। ऐसे संगठित गिरोहों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।उन्होंने आमजन से अपील की कि ऑनलाइन सट्टा और अवैध गतिविधियों से दूर रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।उन्होंने स्पष्ट कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। गुना पुलिस की यह कार्रवाई जिले में अवैध सट्टा कारोबारियों के लिए सख्त चेतावनी मानी जा रही है।

### आईपीएल मैचों पर चल रहा था ऑनलाइन सट्टा

पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में जिले में जुआ, सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन, एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण और डीएसपी आनंद राय के नेतृत्व में धरनावदा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रूहिल शर्मा एवं विशेष टीम ने यह बड़ी कार्रवाई की। 22 अप्रैल 2026 की रात पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि रूठियाई चौकी क्षेत्र में हाईवे पर मिडवे ट्रीट के पास एक थार गाड़ी में कुछ लोग आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा खिला रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ने तत्काल विशेष टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी की। वहां एक थार कार में तीन संदिग्ध मोबाइल फोन पर सक्रिय दिखाई दिए।

पुलिस को देखकर तीनों आरोपी भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम विकास पाटिल निवासी बलवंत नगर, दिव्यांशु उर्फ नैनो निवासी विकास नगर और शुभम उर्फ टीआई निवासी जाट मोहल्ला, गुना बताए।

### मोबाइल में मिली सट्टा वेबसाइट्स और आईडी

पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल फोन की जांच की, जिसमें विभिन्न ऑनलाइन सट्टा वेबसाइट्स और सट्टा संचालन से जुड़ी आईडी मिलीं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे संगठित रूप से ऑनलाइन आईपीएल सट्टा चला रहे थे और अलग-अलग लोगों को यूजर आईडी व पासवर्ड उपलब्ध कराते थे।

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी विभिन्न जिलों के लोगों को सट्टा खेलने के लिए आईडी देकर अवैध कारोबार चला रहे थे। इस गिरोह में अन्य संदिग्धों के नाम भी सामने आए हैं, जिन्हें एफआईआर में नामजद किया गया है।

### 24 लाख का मशरूका जब्त

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से— 4 मोबाइल फोन (कीमत लगभग 3.50 लाख रुपये), 31,700 रुपये नगद,बिना नंबर की थार कार (कीमत लगभग 20 लाख रुपये), बरामद की है। कुल जब्त मशरूका करीब 24 लाख रुपये बताया गया है।

### दोनों मुख्य आरोपी आदतन अपराधी

गिरफ्तार आरोपी विकास पाटिल और दिव्यांशु उर्फ नैनो पहले से ही कई गंभीर अपराधों में शामिल रहे हैं। दिव्यांशु उर्फ नैनो पर कोतवाली और कैंट थानों में मारपीट, आर्म्स एक्ट, सट्टा एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, आबकारी एक्ट, हत्या के प्रयास और लोक संपत्ति नुकसान अधिनियम सहित 17 प्रकरण दर्ज हैं।वहीं विकास पाटिल पर मारपीट, आर्म्स एक्ट, सट्टा एक्ट, आईटी एक्ट, धोखाधड़ी, हत्या के प्रयास सहित 20 आपराधिक मामले दर्ज पाए गए हैं।

### जिला बदर के बाद फिर अपराध में सक्रिय

दिव्यांशु शर्मा को पूर्व में जिला बदर किया जा चुका था और हाल ही में उसकी अवधि समाप्त हुई थी। इसके तुरंत बाद वह फिर आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय हो गया।

वहीं विकास पाटिल को 20 मई 2025 को एक वर्ष के लिए गुना सहित आसपास के जिलों—अशोकनगर, शिवपुरी, राजगढ़ और विदिशा—की सीमाओं से जिला बदर किया गया था। इसके बावजूद वह आदेश का उल्लंघन करते हुए जिले में सक्रिय मिला।

इस पर उसके खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 के तहत भी कार्रवाई की गई है।

# 10 लाख रुपए के सूटकेस हड़पने वाला राजस्थान का ड्राइवर 24 घंटे में गिरफ्तार

**22 लाख का माल बरामद, राघौगढ़ पुलिस की कार्रवाई**



हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

जिले की राघौगढ़ थाना पुलिस ने अमानत में खयानत के एक बड़े मामले का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। गुजरात के एक व्यापारी का माल गायब कर फरार हुए ट्रक चालक को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए सूटकेश और ट्रक सहित कुल 22 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया गया है।

### माल लोड कर गायब हो गया था चालक

जानकारी के अनुसार, फरियादी शैलेश पटेल निवासी गांधीनगर (गुजरात) ने 22 अप्रैल को राघौगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल को उज्जैन के नरवर से उनके ट्रक क्रमांक जीजे 38-0265 में करीब 10 लाख रुपये कीमत के 51 कार्टून (153 नग) सूटकेश अहमदाबाद के लिए लोड किए गए थे। ट्रक चालक चैतन्य प्रकाश ने राघौगढ़ पहुँचकर अपना मोबाइल बंद कर लिया और माल सहित लापता हो गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए धारा 316(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की।

### महज 24 घंटे में दबोचा गया आरोपी

पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशानुसार, थाना प्रभारी अजय जाट के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी संसाधनों और मुखबिरों की मदद से जाल बिछाया। पुलिस की मुस्तैदी का नतीजा रहा कि अगले ही दिन आरोपी चालक चैतन्य प्रकाश नायक, निवासी जिला पाली (राजस्थान) को ट्रक सहित गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान ट्रक से 38 कार्टूनों में रखे 111 सूटकेश बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि शेष सूटकेश उसने बेच दिए हैं। पुलिस ने 7 लाख के सूटकेश और 15 लाख का ट्रक जब्त कर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है। इस सफल कार्यवाही में निरीक्षक अजय जाट, उपनिरीक्षक सहदेव तिर्की और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पैंची के पास पुलिया में घुसी अर्टिगा, मामा-भांजे ने मौके पर ही तोड़ा दम, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

जिले के चांचौड़ा थाना अंतर्गत बीनागंज चौकी क्षेत्र में गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात एक भीषण सडक़ हादसा घटित हुआ। पैंची के पास एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे बनी पुलिया से जा टकराई। इस हृदयविदारक घटना में कार सवार मामा-भांजे की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, शिवपुरी जिले के ग्राम ऐजवारा निवासी संजीव जाटव (30) इंदौर में काम करता था। हाल ही में उसकी पत्नी की डिलीवरी हुई थी, जिसके चलते वह 22 अप्रैल को अपने भांजे मनोज जाटव (21) निवासी बानौरा (ईसागढ़) के साथ अर्टिगा कार क्रमांक एमपी 09-1240 से घर आया था। खुशियां मनाने के बाद दोनों गुरुवार देर रात करीब 11.50 बजे वापस इंदौर अपने काम पर जाने के लिए निकले थे।

बताया जा रहा है कि रात करीब 3 बजे के आसपास जब कार बीनागंज के पैंची गांव के पास पहुंची, तभी चालक मनोज ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और कार सीधे पुलिया से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अर्टिगा का अगला हिस्सा पूरी तरह चपटा हो गया। शुक्रवार सुबह पुलिस ने मृतक संजीव के पिता पप्पू जाटव को हादसे की सूचना दी।

पप्पू जाटव ने चाचौड़ा थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका भानेज मनोज गाड़ी को बहुत तेज और लापरवाही से चला रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने दोनों शवों का चांचौड़ा पीएम रूम में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। इस घटना से ऐजवारा और बानौरा दोनों गांवों में शोक की लहर दौड़ गई है।

# कलेक्टर ने मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश, खाद्य महकमे ने पदार्थों के सैंपल लिए

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को मिलावट के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने तथा खाद्य पदार्थों की नियमित जांच एवं सैंपलिंग के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए।जांच के दौरान ममता डेयरी एवं बेकरी बाजार नयापुरा से कोल्ड ड्रिंक्स के सैंपल, आस्था डेयरी कोल्हूपुरा, गुना से दूध, दही एवं मावा के नमूने लिए गए। इसी प्रकार एबी रोड, म्याना स्थित पंजाब गुर्जर दूध डेयरी, नीलम सिंह गुर्जर दूध डेयरी एवं अनिल धाकड़ दूध डेयरी से गाय एवं भैंस के दूध के सैंपल संग्रहित किए गए।सभी नमूनों को परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने खाद्य व्यवसायियों को अपने प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई बनाए रखने तथा शुद्ध एवं ताजा खाद्य सामग्री ही रखने एवं विक्रय करने के निर्देश भी दिए।कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में मिलावटखोरी के विरुद्ध अभियान के तहत खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच एवं सैंपलिंग की कार्रवाई निरंतर जारी है।

**कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नारकोटिक्स समन्वय समिति की बैठक हुई संपन्न**

# मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त, तस्करी और उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण रहे सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

मादक पदार्थों की रोकथाम और विभागीय समन्वय को मजबूत करने के लिए जिला स्तरीय नारकोटिक्स समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में हुई बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, उप वनमंडलाधिकारी नीरज निश्चल (भा.व.से.) सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर ने पिछली बैठक की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले में मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त, तस्करी और उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए ठोस परिणाम सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वासल ने जानकारी दी कि ड्रग्स तस्करी पर रोक लगाने के लिए विशेष तंत्र विकसित किया गया है तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए स्कूलों और कॉलेजों में व्यापक अभियान चलाया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी ने अवगत कराया कि इस दिशा में समय-समय पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।





बैठक में ड्रग इंस्पेक्टर से एविल इंजेक्शन के उपयोग को लेकर जानकारी ली गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह दवा केवल डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के आधार पर ही उपलब्ध कराई जाए। साथ ही मेडिकल स्टोर्स द्वारा जारी प्रिस्क्रिप्शन की सघन जांच सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के प्रभावी पालन, नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों के नियमित निरीक्षण और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि आगामी बैठक में सभी विभाग अपनी अद्यतन कार्रवाई रिपोर्ट एवं स्पष्ट एजेंडा के साथ उपस्थित हों।

बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान, अफीम एवं भांग जैसी मादक फसलों की अवैध खेती की निगरानी, अंतर्राज्यीय प्रकरणों की जांच प्रगति, प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम तथा वैकल्पिक विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही मादक पदार्थों की पहचान हेतु आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और नशा मुक्ति केंद्रों के प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

समाचार संक्षेप

## भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्राकटोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**राघोगढ़।** भगवान श्री चित्रगुप्त जी का पावन प्राकटोत्सव नगर में बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं का मंदिर परिसर में आगमन शुरू हो गया, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया।कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री चित्रगुप्त जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चल समारोह में श्रद्धालु भगवान के जयकारों के साथ नगर भ्रमण करते हुए भक्ति और आस्था का अनुपम दृश्य प्रस्तुत कर रहे थे।आयोजन के दौरान भगवान श्री चित्रगुप्त जी को छप्पन भोग अर्पित किया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।कार्यक्रम में समाज के गणमान्य नागरिकों, युवाओं एवं महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। पूरा आयोजन शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

## अर्चना बल्लू चौहान ने दो सामाजिक सम्मेलनों में दी आर्थिक सहायता, हुआ सम्मान




**चाचौड़ा।** क्षेत्र में सामाजिक समरसता और सहयोग का प्रेरणादायी उदाहरण उस समय देखने को मिला जब पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अर्चना बल्लू चौहान (कालापहाड़) ने दो अलग-अलग सामूहिक सम्मेलनों में सहभागिता करते हुए आर्थिक सहयोग प्रदान किया।कुसुमपुरा में आयोजित भील समाज के सामूहिक सम्मेलन में उन्होंने आयोजन समिति को 21,000 की आर्थिक सहायता राशि भेंट की। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं उपस्थित जनों द्वारा उनका पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया तथा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में समाज के विकास, एकता एवं सामाजिक समरसता पर भी विचार-विमर्श किया गया।इसी प्रकार कालापहाड़ क्षेत्र के ऐमना खेड़ी में आयोजित गुर्जर समाज के सामूहिक सम्मेलन में भी उन्होंने सहभागिता की और समिति को 11,000 की सहयोग राशि प्रदान की। इस दौरान उन्होंने समाजजनों से आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा परंपराओं के संरक्षण का आह्वान किया।अर्चना चौहान वर्ष भर विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेती रहती हैं। उनकी इस पहल को समाज में सहयोग और सकारात्मकता का संदेश देने वाला कदम माना जा रहा है।दोनों ही आयोजनों में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुए।

# आरोन सिविल अस्पताल की लापरवाही पर उठे सवाल, हादसे के बाद व्यवस्थाओं पर आक्रोश







हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

रामपुर रोड पर हुए भीषण सड़क हादसे के बाद आरोन के सिविल अस्पताल में सामने आई अव्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए, जिन्हें डायल-112 की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया।परिजनों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अस्पताल में घायलों के उपचार के दौरान अव्यवस्था की स्थिति देखने को मिली। आरोप है कि मौके पर चिकित्सकीय व्यवस्था पर्याप्त नहीं थी और उपचार में देरी हुई।

कुछ लोगों ने यह भी दावा किया कि अस्पताल स्टाफ की भूमिका स्पष्ट नहीं थी, जिससे परिजनों में आक्रोश बढ़ गया।घटना के बाद एक अन्य गंभीर आरोप यह भी सामने आया कि अस्पताल परिसर में मौजूद एम्बुलेंस तत्काल उपलब्ध नहीं हो सकी, जिससे घायलों को रेफर करने और मृतक को घर पहुंचाने में विलंब हुआ। इस स्थिति से नाराज परिजनों और स्थानीय लोगों ने अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन भी किया।मामले को लेकर नागरिकों ने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि आपातकालीन स्थिति में अस्पताल की तैयारी और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित होना आवश्यक है।इस पूरे घटनाक्रम के बाद अब प्रशासनिक स्तर पर जांच और कार्रवाई को लेकर निगाहें टिकी हुई हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## राघौगढ़ के ज्योतिषाचार्य नरेश कुमार शर्मा को उपराष्ट्रपति ने किया सम्मानित, राष्ट्रपति भवन में "ज्योतिष संवाद" हेतु आमंत्रण




हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

विजयपुर नेशनल फर्टिलाइजर (एनएफएल) टाउनशिप निवासी प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य नरेश कुमार शर्मा एवं उनकी सहयोगी डॉ. आशा त्यागी द्वारा भारतीय ज्योतिष, पंचांग एवं कालचक्र पर आधारित लिखित पुस्तिकाओं का विमोचन मेरठ स्थित आई.आई.एम.टी. विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान किया गया।इस भव्य समारोह में भारत के महामहिम उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर पुस्तकों का विमोचन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगेश मोहन गुप्ता, उपकुलपति दीपा शर्मा, राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी तथा डायरेक्टर मयंक अग्रवाल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।उपराष्ट्रपति ने नरेश कुमार शर्मा एवं डॉ. आशा त्यागी द्वारा भारतीय ज्योतिष एवं कालचक्र पर किए गए शोध एवं लेखन कार्य की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ज्योतिषाचार्य नरेश कुमार शर्मा को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले "ज्योतिष संवाद" कार्यक्रम हेतु आमंत्रित भी किया।यह उपलब्धि राघौगढ़-विजयपुर क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के लिए गर्व का विषय मानी जा रही है। स्थानीय स्तर पर इस सम्मान को भारतीय ज्योतिष परंपरा के लिए एक महत्वपूर्ण मान्यता के रूप में देखा जा रहा है।

### एक ही परिवार के भाई-बहन ने रचा इतिहास

**आरोन।** ग्राम घटावदा निवासी भुवनेश्वर शर्मा के परिवार में दोहरी खुशी का माहौल है। उनके पुत्र और पुत्री ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आरोन ब्लॉक में टॉप कर परिवार एवं गांव का नाम रोशन किया है।पुत्री हर्षिता शर्मा ने कक्षा 12वीं में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल की, वहीं पुत्र लक्की शर्मा ने कक्षा 10वीं में 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया।दोनों भाई-बहनों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया।

## राघोगढ़ में समाजसेविका राजकुमारी किन्नर ने किया धार्मिक आयोजन, हनुमान मंदिर में 51 किलो का घंटा अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़





नगर की समाजसेविका राजकुमारी किन्नर द्वारा नगर एवं जिले की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर एक विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर राघोगढ़ से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित भेसना के संकट मोचन हनुमान मंदिर में 51 किलो वजनी पीतल का घंटा अर्पित किया गया।

धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बीच पूजा-अर्चना की गई और क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। मंदिर में स्थापित किए गए इस विशाल पीतल के घंटे को श्रद्धा और आस्था का प्रतीक बताया गया।राजकुमारी किन्नर ने बताया कि उनका उद्देश्य नगर एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों के जीवन में सुख-समृद्धि लाना है। इसी भावना के साथ वे निरंतर समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय रहती हैं। उन्होंने कहा कि नगर में होने वाले धार्मिक आयोजनों, सम्मेलनों एवं सामाजिक कार्यक्रमों में वे बढ़-चढ़कर सहयोग करती हैं।इस आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह देखा गया और सभी ने इस पहल की सराहना की।

## गुना में डीजे पर सख्त नियंत्रण उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण, कानून-व्यवस्था एवं आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत डीजे (ध्वनि विस्तारक यंत्र) के उपयोग को लेकर विस्तृत आदेश जारी किए गए हैं। यह आदेश 23 अप्रैल 2026 से प्रभावी हो गया है।

आदेश में उल्लेख किया गया है कि विवाह, धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के दौरान डीजे के अत्यधिक उपयोग से ध्वनि प्रदूषण बढ़ रहा है, जिससे आम नागरिकों के स्वास्थ्य एवं शांति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए जिले में डीजे के उपयोग पर सख्त नियंत्रण लागू किया गया है।जारी आदेशानुसार रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। दिन एवं रात्रि के लिए ध्वनि सीमा निर्धारित की गई है, जिसके अनुसार औद्योगिक क्षेत्र में दिन में 75 डेसिबल एवं रात्रि में 70 डेसिबल, वाणिज्यिक क्षेत्र में 65 एवं 55 डेसिबल, आवासीय क्षेत्र में 55 एवं 45 डेसिबल तथा शांत क्षेत्र में 50 एवं 40 डेसिबल की सीमा तय की गई है।

# कुसुमपुरा में भील समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न, 17 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



ग्राम कुसुमपुरा में मंगलवार, 21 अप्रैल 2026 को भील समाज द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर 17 जोड़ों का विवाह परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न कर उन्हें नए जीवन की शुरुआत के लिए आशीर्वाद दिया गया।कार्यक्रम में चाचौड़ा विधायक प्रियंका मीणा, पैची मंडल अध्यक्ष चाचौड़ा प्रद्युम्न मीणा, मंत्री कृष्णा सोनी, शबरी आश्रम अध्यक्ष सुखलाल भील, विजय सिंह तथा समिति सचिव महेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।इसके अलावा सरपंच राम भरोसा , सरपंच पवन , जिला पंचायत सदस्य नन्नू सिंह , (डॉ.) पंचम सिंह , जिला पंचायत सदस्य नारायण सिंह , सरपंच धनराज , सरपंच दौलत राम , मेंबर रमेश , सहायक सचिव मुकेश , कोमल सिंह (डीलर), हेमराज भील सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।सभी अतिथियों ने नवविवाहित 17 जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान कर उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सामूहिक विवाह से सामाजिक समरसता बढ़ती है तथा गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ कम होता है।कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# जनगणना प्रशिक्षण शिविर: 100 प्रगणक व पर्यवेक्षक हुए प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली



स्थानीय श्री गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय के सभागार में तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण शिविर गुरूवार को संपन्न हुआ। तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण में नगर एवं तहसील स्तर के प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को मोबाइल ऐप, प्रश्नावली भरने व फील्ड सर्वे की बारीकियाँ समझाई गईं। फील्ड ट्रेनर प्रमोद चतुर्वेदी, रामकिशोर यादव, उमेश गंगेले एवं अरविंद मार्कन द्वारा फील्ड पर ले जाकर मॉक ड्रिल भी करवाई। आगामी 1 मई से जनगणना का प्रथम चरण शुरू होगा।

प्रशिक्षण का उद्घाटन तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी मुंगावली सोनम शर्मा एवं नगर परिषद चार्ज अधिकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनय भट्ट द्वारा मां सरस्वती के दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण द्वारा किया गया। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण में मोबाइल ऐप, नजरी नक्शा, हाउस लिस्टिंग, आदि को समझाया गया। तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी मुंगावली सोनम शर्मा द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं त्रुटि रहित आंकड़े एकत्रित करने पर पर विशेष जोर दिया गया, नगर परिषद सीएमओ विनय भट्ट द्वारा प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रदान की गई समस्त जानकारी को प्रगणक एवं सुपरवाइजर द्वारा विस्तार पूर्वक समझने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण के समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों के प्रशिक्षण उपरांत फीडबैक का वाचन प्रगणक सौरभ भगत, भूपेंद्र कनखरे,प्रभात शर्मा एवं पर्यवेक्षक सुरेन्द्र खरे के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में नोडल के रूप में नगर परिषद से अभिषेक राजपूत एवं तहसील से देवांशु शर्मा का मार्गदर्शन रहा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रगणको को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना है ताकि जनगणना में कोई त्रुटि न रहे।

## नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को तुरंत गिरफ्तार किया

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर के मार्गदर्शन में थाना चन्देरी द्वारा 07 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को रिपोर्ट दर्ज होने के तुरंत बाद गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। उल्लेखनीय है कि 24 अप्रेल को थाना चंदेरी पर ग्राम जारसल निवासी नाबालिग बालिका द्वारा अपने परिजनों के साथ उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 23 अप्रेल को सायं लगभग 07.00 बजे वह गांव की दुकान पर सामान लेने गई थी। इसी दौरान ग्राम के ही खलक आदिवासी पुत्र मनका आदिवासी द्वारा उसे गलत नियत से पकड़कर छेड़छाड़ की गई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना चंदेरी में अपराध क्रमांक 226/2026 धारा 75 बीएनएस एवं धारा 9(एम)/10 पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना प्रभारी चन्देरी निरी0 प्रशांत यादव को उक्त प्रकरण में त्वरित प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। टीम द्वारा त्वरित कार्वाही करते हुये प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी बालक आदिवासी पुत्र मनका आदिवासी उम्र 35 साल निवासी ग्राम ग्राम जारसल थाना चन्देरी को रामनगर तिराहा, चंदेरी से गिरफ्तार कर किया गया जिसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।



अंग दान एक मानवीय कार्य है जो किसी की जान बचा सकता है: डॉ अशोक कुमार शाक्य

## सेहराई महाविद्यालय में अंगदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शासकीय महाविद्यालय सेहराई राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्त्वाधान में देहदान/अंगदान जागरूकता हेतु चैपाल चर्चा के द्वारा प्राथमिक स्वास्थय केंद्र सहराई में आयोजित की गई। यह चैपाल चर्चा में प्राचार्य डॉ. अतुल गुप्ता, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंजू सिहारे, गतिविधि प्रभारी रविन्द्र कुमार रीतोरिया।

इस चर्चा में डॉ. अशोक शाक्य, डॉ. आशीष पलेरिया, अस्पताल में उपस्थित स्वयं सेवक, ग्रामीण जन सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे। डॉ.शाक्य ने कहा कि एक व्यक्ति देह से आठ लोगो को जीवन दिया जा सकता है। अंग दान एक मानवीय कार्य है जो किसी की जान बचा सकता है। यह प्रक्रिया जीवित या मृत व्यक्ति से स्वस्थ अंगों को जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचाने से जुड़ी है। अंग दान में हृदय, लीवर, किडनी, फेफड़े, अग्न्याशय या आंखों की कॉर्निया जैसे अंगों को दान किया जाता है। दान योग्य अंग हृदय (4 घंटे), फेफड़े (4-6 घंटे), लीवर (24 घंटे), किडनी (72 घंटे), कॉर्निया (14 दिन) आदि। मृत्यु के बाद या जीवित अवस्था में एक किडनी/लीवर का हिस्सा दान संभव है।

आगे डॉ आशीष पलेरिया ने कहा कि 18 वर्ष से अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति अंग दान की प्रतिज्ञा ले सकता है। जीवित दाता निकट संबंधी या शुभचिंतक हो सकते हैं। आयु सीमा अंग के अनुसार अलग-अलग है, जैसे किडनी 70 वर्ष तक और कॉर्निया 100 वर्ष तक भारत में अंग दान टीएचओटीए 1994 द्वारा नियंत्रित होता है। यह कानून अंगों की खरीद-बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता है और केवल चिकित्सीय उद्देश्यों के लिए दान की अनुमति देता है। अंग प्रत्यारोपण के लिए अस्पतालों को अधिकृत होना जरूरी है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने जीवित दाता अनुमति प्रक्रिया को 6-8 सप्ताह में पूरा करने का निर्देश दिया है।

## ग्राम पंचायत तूमैन में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन व न्यायाधीश, सचिव मनीष अनुरागी एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसल ओ0पी0 दुबे की उपस्थिति में शुक्रवार को ग्राम पंचायत तूमैन जिला अशोकनगर में नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं) योजना, 2015 एवं नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं) योजना, 2015 अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों को बताया कि कोई भी नागरिक उसकी आर्थिक या अन्य असमर्थताओं के कारण न्याय प्राप्त करने के अवसर से वंचित न हों। इसके लिए नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवा) योजना बनाई गई है, जिसका संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर द्वारा किया जाता है, शासन की ऐसी कई जन कल्याणकारी योजनाएं है जो गरिबों के हित में है, किन्तु गरीबों तक ऐसी योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पाता है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर में गरीबी उन्मूलन योजना के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत कर सकता है।

# राम कथा पति-पत्नि के संबंधों को मजबूत बनाती है: आचार्य देवमुरारी बापू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



चंदेरी के निकट जारसल चक्क सिद्ध बाबा की टोरिया कैलाश धाम आश्रम में चल रहे नव कुंडी श्री राम महायज्ञ के अंतर्गत राम कथा के माध्यम से जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू में समाज को यह संकेत दिया कि राम कथा पति-पत्नी के संबंध को मजबूत बनाती है अगर पत्नी रामकथा नहीं सुनती है तो पति से संबंध टूट जाता है।

भगवान शंकर जी कैलाश छोड़कर कथा सुनने के लिए अगस्त रिषि के पास गए तो सती साथ में चल देती है पर कथा मन लगाकर नहीं सुनती है और राम पर संदेह हो जाता है भ्रम होने के कारण सती श्री राम की परीक्षा लेने के लिए गई तो सती की स्वयं परीक्षा हो गई राम जी ने उनको पहचान लिया और भेद खुल गया इसीलिए आज सामाजिक तौर पर दंपती को श्री राम कथा सुननी चाहिए नहीं तो परिणाम में तलाक तक की नोवत आ सकती है राम कथा से यह ज्ञान मिलता है कि दांपत्य जीवन सीता और राम जैसा होना चाहिए दुख की स्थिति में भी एक दूसरे का साथ नहीं छोड़ा और सीता जैसी पत्नी ने राम का 14 वर्ष बन में साथ दिया आजकल लोग कथा नहीं सुनते हैं और राम को पहचानने के बड़े-बड़े दावे करते हैं और खुद को ब्रह्म बताने में भी पीछे नहीं हटते हैं। राम को नहीं पहचान पाते यही कारण था तीर्थराज प्रयाग में निवास करने वाले भारद्वाज जी को राम पर संदेह बना रहा और उन्होंने अंत में याज्ञबलिक से श्री राम कथा सुनी और संदेश समाप्त हुआ। दूसरा कारण पार्वती भी भगवान शिव की पत्नी थी लेकिन उनको भी राम पर संदेह बना रहा तो शिव जी ने पत्नी पार्वती को राम कथा सुना कर ब्रह्म का परिचय बताया तुलसीदास जी ने कहा है बिना राम कथा सुने दांपत्य जीवन में कभी सुख नहीं आ सकता। कथा के पश्चात रामलीला का सुंदर मंचन किया गया। जिसमें रामलीला के व्यास महंत घनश्याम शरण एवं साथी संगीतकार अशोक दिनारा वालों ने मंच पर समा बांधकर जनता को मंत्रमुग्ध कर दिया।यज्ञाचार्य यह बृजेश चैबे शास्त्री ने बताया श्रीराम महायज्ञ में पढ़ चुकी है अब तक 51 हजार आहुतियां 26 को होगी यज्ञ की पूर्णाहुति एवं संतों का क्षेत्रवासी भक्तों का विशाल भंडारा।




## भारतीय जैन मिलन के क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने किया शाखाओं का भ्रमण

**अशोकनगर।** जैन मिलन के क्षेत्रीय मंत्री निर्मल जैन मिर्ची एवं राष्ट्रीय संयोजिका विनीता जैन ने विभिन्न शाखाओं का भ्रमण किया, जिसमें सर्वप्रथम मुंगावली में शाखा के अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों से भेंट की।

नगर में विराजमान पूज्य निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज जी के दर्शनार्थ बाहर से आने वाले अतिथियों की भोजन व्यवस्था में नगर जैन मिलन मुंगावली, सहयोग कर रही है। क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने वहां पर पहुंचकर सारी व्यवस्थाएं देखी एवं मुंगावली के अध्यक्ष वीर राकेश एवं उनकी टीम से चर्चा कर जैन मिलन के सेवा कार्यक्रमों को और करने का अनुरोध किया। इसके उपरांत बहादुरपुर पहुँच कर शाखा अध्यक्ष सौरभ जैन, मंत्री नीरज मोदी एवं संरक्षक संजय मोदी से जैन मिलन की गतिविधियों के बारे में चर्चा की एवं क्षेत्र की ओर से उन्हें सम्मान प्रतीक भेंट किया। इसके बाद अथाईखेड़ा पहुंचकर शाखा अध्यक्ष कमल जैन से चर्चा की। कमल जैन ने बताया कि आगामी दिनों में अथाईखेड़ा में पूज्य निर्यापक मुनि सुधासागर जी का आगमन होने वाला है, इसकी तैयारी में हम सभी लगे हुए हैं।

-: सार्वजनिक विज्ञप्ति :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार आईसीआईसीआई बैंक शाखा गुना में आशीष गुप्ता निवासी मठकरी कॉलोनी गुना तहसील व जिला गुना (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भू-खण्ड गुना प.ह.नं. 04 वार्ड क्रमांक-16 तहसील गुना चौधरन कॉलोनी आशीर्वाद में स्थित भूमि सर्वे क्रमांक-706/3 रकवा 0.056 हेक्टेयर में स्थित हिस्सा क्षेत्रफल 3943 वर्गफीट है जो उनके द्वारा विधिवत रजिस्टर्ड विनिमय-पत्र क्रमांक-MP24IGR17362025A101067798 दिनांक 24.11.2025 अमरजीत सिंह सलूजा पुत्र श्री अमरीक सिंह सलूजा निवासी चौधरन कॉलोनी गुना से विनिमय किया है। अमरजीत सिंह सलूजा को उक्त प्लॉट रजिस्टर्ड दान-पत्र E-Panjikaran no.MP13342024A1386203 दिनांक 24.03.2024 के द्वारा राजू सलूजा पुत्र श्री अमरीक सिंह सलूजा निवासी चौधरन कॉलोनी गुना (म.प्र.) से प्राप्त हुआ था। उक्त रजिस्टर्ड रजिस्टर्ड दान-पत्र अमरजीत सिंह सलूजा द्वारा आशीष गुप्ता को दे दिया गया था जो कि आशीष गुप्ता द्वारा कहीं गुम हो गया है। उक्त डायवर्टेड प्लॉट आशीष गुप्ता पुत्र श्री अशोक गुप्ता, आईसीआईसीआई बैंक शाखा गुना में बंधक रखकर लोन ले रहे हैं अगर किसी व्यक्ति को उनके द्वारा उक्त प्लॉट को बंधक रखकर लोन लेने में कोई आपत्ति हो तो वह मेरे कार्यालय प्रबोध पारीक एडवोकेट राधा कॉलोनी गुना में आकर या मेरे मोबाइल नंबर-9425131586 पर मुझे आपत्ति से संबंधित दस्तावेज दिखाकर अपनी आपत्ति सात दिवस के अंदर दर्ज कराये अन्यथा समयसीमा गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी और लोन स्वीकृत कर दिया जावेगा। सूचित हो। दिनांक 23.04.2026

प्रबोध पारीक (एडव्होकेट)
कार्यालय - मकान न.28/374
राधाकॉलोनी गुना (म०प्र०)
फोन नं. 07542-254572, मो.न. 9425131586

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढुडैर निवासी मलखान कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नारायण यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम प्राणपुर निवासी वर्षा सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संतोष और शिवांस सोनी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोधन निवासी सुजान पुत्र हल्लू बरार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ईदल सिंह बुन्देला, राजेश ढीमर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लखेरी बसारती निवासी अजय यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धर्मेन्द्र अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी हरपाल सिंह रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हेमन्त रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दहेज प्रताड़न का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत रश्मि पाल निवासी सतेन्द्र गली नगेश्री चैराहे अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से दहेज की मांग को लेकर संदीप पाल, दुर्गा पाल, वर्षा पाल, कपिल पाल निवासी बाणगंगा इन्दौर द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया जा रहा था। पुलिस ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है।

### अज्ञात आरोपी ने धोखाधड़ी पूर्वक 1 लाख 7 हजार रुपए निकाले

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत चंदेरी निजामुददीन चैराहा निवासी राधेश्याम कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात किसी व्यक्ति ने फरियादी के केनरा बैंक खाते से धोखाधड़ी पूर्वक 1 लाख 7 हजार रूपए निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया है।

### युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत

**अशोकनगर।** जिले के अशोकनगर शहर के दुर्गा कॉलोनी निवासी यश रघुवंशी उम्र 20 को जहरीला पदार्थ खाने के बाद बीती रात जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, अस्पताल की पुलिस चैकी के अनुसार उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

### आंगनवाडी केन्द्रों के समय में बदलाव

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी चन्द्रसेना भिड़े द्वारा जिले में अत्याधिक गर्मी तापमान अधिक होने के कारण आंगनवाडी केन्द्र का समय प्रातः 8 बजे से 03 तक नियत किया गया है।

### धूप से बचने के लिए लोग कर रहे हैं जतन, दोपहर में शहर की सड़कें सूनी

# जिले में तीखी गर्मी के साथ तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में इन दिनों गर्मी पूरे सबाव पर चल रही है, तेज गर्मी के कारण लोगों का सड़क से निकलना मुश्किल है, थर्मा मीटर का पारा 41.5 डिग्री सेल्सियस से लेकर 42 डिग्री सेल्सियस के बीच झूल रहा है। धूप से बचाव के लिए लोग तरह तरह के प्रयास करने में जुटे हुए हैं।

अशोकनगर जिले में गर्मी भी बहुत पड़ती है सर्दी की बात करें तो सर्दी भी खूब पड़ती है और बारिश की बात करें तो बारिश भी अच्छी होती है। यहां तीनों मौसम अपना असर दिखाते हैं इस समय ग्रीष्म काल का मौसम चल रहा है तापमान में लगातार कभी गिरावट तो कभी तेजी चल रही है अभी 3 दिन पहले तक अशोकनगर जिले का तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस तक चल रहा था लेकिन एक प्रतिशत की कमी आई है लेकिन गर्मी के तेवर वैसे ही है हालांकि सुबह 9 00 बजे से तीखी धूप शुरू हो जाती है जो शाम 6:00 बजे तक चलती है इस गर्मी के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जनजीवन पर भी असर पड़ रहा है।

धूप से बचने के लिए लोग घरों से बाहर निकलने के लिए शरीर को ढक कर चल रहे हैं महिलाओं की बात करें वह पूरे शरीर पर कपड़ा लपेट निकल रही हैं। अशोकनगर शहर से गांव जाने वाले लोग यह गांव से शहर आने वाले लोग भी कपड़ा बांधकर ही आ जा रहे हैं। इसके अलावा शहर में निकलने वाले लोगों को भी कभी गमछे का सहारा लेना पड़ रहा है तो कभी सर बचाने के लिए टोपी का सहारा लेना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में पंखे भी खूब गर्म हवा फेंक रहे हैं, इस समय हर व्यक्ति को गर्मी से बचाव की जरूरत है कोई कूलर का सहारा ले रहा है तो कोई एसी का सहारा ले रहा है, यानी सब कुछ मिलकर लोगों को गर्मी से बचाव की जरूरत है।





#### पानी की समस्या को लेकर टेंकर से हो रहा है पानी प्रदाय

लोगों को पानी की जरूरत भी पड़ने लगी है वैसे तो अशोकनगर शहर पानी के मामले में अन्य शहरों की तुलना में बेहतर नगर है यहां पूरे वर्ष पर पानी की समस्या ऊनी बस्तियों में रहती है जहां पाइपलाइन नहीं है लेकिन कई इलाके ऐसे दिन में गौशाला रोड नई आबादी ऐसा इलाका है जहां लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है ऐसे शहर के दर्जन पर इलाके हैं जहां पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है या पानी का प्रेशर कम है प्रबंध तो नगर पालिका के सारे हैं लेकिन जरूरत जितने पानी की है उतना पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी आदमी की पहली आवश्यकता है इसी को ध्यान में रखते हुए इस पर काम हो रहा है लेकिन अब लोगों को जल्दी अशोकनगर शहर की अमाई तालाब की जल व्यवस्था के साथ-साथ राजघाट बांध से आने वाले पानी की व्यवस्था के शुरू होने का इंतजार है ताकि यह शहर आने वाले 50 वर्षों तक पानी की जल संकट की समस्या से निजात पा सके। क्योंकि यह तालाब भी पूरी तरह वर्षा पर निर्भर रहता है अच्छी वर्षा हुई तो पानी अच्छा मिलेगा कम वर्षा हुई तो पानी की समस्या रहेगी। इसलिए इस तरह के साथ-साथ यहां पर राजघाट बांध जो अशोकनगर जिले की चंदेरी तहसील के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के बीच में बसा हुआ है इस बांध से पूरे वर्ष पर पानी शहर के लोगों को आसानी से मिल सकता है यह बांध बेतवा नदी पर बना है और अशोकनगर जिले के सारे नगरी शेरों के लिए यह समस्या हमेशा के लिए समाप्त होने की तैयारी में ताकि अशोकनगर जिला पानी के मामले में आत्मनिर्भर हो सके लोग इस इंतजार लोग इस योजना के शुभारंभ का इंतजार कर रहे हैं।

#### दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा

गर्मी के दिनों में लोग दोपहर के समय 12 से 4रू00 बजे तक बाहर निकलने से खतरा रहे क्योंकि इस समय धूप पूरे सबाव पर होती है गर्म हवाएं चलती हैं और व्यक्ति के जीवन पर असर भी पड सकता है इसके लिए स्वास्थ्य विभाग पहले ही एडवाइजरी जारी कर चुका है कि धूप से बचने के लिए किस तरह के प्रयास किए जाएं। कैसे शरीर का बचाव किया जाए और कैसे बचाव के लिए अपडेट रहा जाए। क्योंकि अशोकनगर जिला ग्वालियर संभाग का सबसे आखरी जिला है यहां गर्मी भी ऐसे पड़ती है और सर्दी भी अधिक पड़ती है यहां गर्मी के मौसम में तीन तरह से मौसम की मार चलती है एक तरफ बुंदेलखंड की ओर से आने वाली हवाएं दूसरी ओर मालवा क्षेत्र से चलने वाली हवाएं और तीसरी राजस्थान की ओर से आने वाली हवाएं यहां के मौसम पर असर डालती हैं कभी दिल में धूल के गुवार उड़ने लगते हैं तो कभी बादल छा जाते हैं लेकिन मौसम की विपरीता लगातार चल रही है। अशोकनगर जिले में गर्मी के मौसम में तापमान जहां बढ़ रहा है।

## जल स्रोत सेवा समागम कार्यक्रम की बैठक राजपुर में आयोजित



**अशोकनगर।** जन अभियान परिषद विकास खण्ड अशोकनगर के सेक्टर - 04 राजपुर के ग्राम राजपुर में नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति राजपुर के सदस्यों की संयुक्त बैठक हुई। इस बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्रोत सेवा समागम कार्यक्रम में सुरक्षित जल समृद्ध कल की चर्चा की गई। राजपुर की नदी के गहरीकरण की योजना बनाई गई। बैठक में बलवीर सिंह यादव ने कहा कि धरती पर पीने योग्य का पानी का भंडार बहुत कम है इसलिए वर्षा जल को रोककर धरती में संचय करना होगा तभी भावी पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य दे सकते हैं। इस अवसर पर कैलाशचंद्र पालीवाल ने कहा कि जल स्रोतों के आसपास साफ सफाई रखने से जल को दूषित होने से बचाना चाहिए। राजपुर की मुख्य सड़क के पास स्थित माता मंदिर परिसर की सभी सदस्यों ने मिलकर साफ सफाई की। इसके बाद समिति सदस्यों ने राजपुर स्थित लक्ष्मी गौशाला का भ्रमण किया जहां एक गाय अत्यधिक कमजोर थी जिसे धूप में से उठवाकर छांव में करवाया गया तथा उसे हरा चारा खिलाया गया। इस अवसर पर सेवाभावी ग्रामीणजनों के साथ ही गौशाला व्यवस्थापक सौरभ जैन, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सचिव पवन कुशवाह, नवांकुर संस्था के अध्यक्ष रामबली यादव सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** जिले में राजस्व कार्यों की समीक्षा एवं सुधार के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर डी एन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, बृजबिहारी श्रीवास्तव,जिले के समस्त एसडीएम,तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर द्वारा लंबित राजस्व प्रकरणों, भूमि रिकॉर्ड के अद्यतन, नामांतरण, सीमांकन एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आम नागरिकों के कार्यों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा पारदर्शिता बनाए रखी जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग का कार्य सीधे आम जनता से जुड़ा होता है, इसलिए कार्यों में लापरवाही बिल्कुल भी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र में नियमित भ्रमण कर समस्याओं का मौके पर समाधान करें।



# अमझरा में अवैध शराब बिक्री के विरोध में ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

तहसील चंदेरी के अंतर्गत आने वाले ग्राम अमझरा में अवैध शराब की बिक्री से परेशान ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) के नाम तहसीलदार दिलीप दरोगा को ज्ञापन सौंपकर गांव में शराब बंदी और अवैध विक्रेता पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।



#### कच्ची के बाद अब पक्की का आतंक

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम अमझरा निवासी राजू आदिवासी पिता तुलसीराम आदिवासी पिछले 10 वर्षों से गांव में कच्ची शराब बनाने और बेचने का काला कारोबार कर रहा था। ग्रामीणों के कड़े विरोध के बाद उसने करीब 5 महीने पहले यह काम बंद कर दिया था। लेकिन आरोप है कि अब उसने फिर से पैर पसारते हुए पक्की शराब (अंग्रेजी/देशी) अवैध रूप से बेचना शुरू कर दिया है। बच्चों को लगाई जा रही लत, विरोध पर दी जा रही जान से मारने की धमकी। ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शराब विक्रेता न केवल युवाओं बल्कि छोटे-छोटे बच्चों को भी नशे का आदि बना रहा है। विरोध करने पर आरोपी गाली-गलौज करता है और हथियार निकालकर जान से मारने की धमकी देता है। आरोपी का दावा है कि उसे रसूखदार लोगों का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते वह पुलिस और प्रशासन से बेखौफ है। पूरा गांव इस अवैध कारोबार से परेशान है। हमारी बहू-बेटियों का निकलना दूभर हो गया है और घर के बच्चे नशे की गर्त में जा रहे हैं। यदि जल्द कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन उग्र होगा।

#### तहसीलदार ने दिया आश्वासन

ज्ञापन सौंपने के दौरान करीब एक दर्जन से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद तहसीलदार दिलीप दरोगा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।



### घर में आग लगाने वाला गिरफ्तार, पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**पिपरई।** नगर के इमालिया में हुई आगजनी की सनसनीखेज घटना में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। घर में आग लगाने वाले आरोपी मांगी लाल को पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद पूरे इलाके में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते देर रात घर में आग लगा दी, जिससे घर का काफी सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच शुरू की और संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी ओम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है और उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

लगातार तीन माह से प्रदेश में प्रथम स्थान पर

## अशोकनगर पुलिस सीसीटीएनएस रैंकिंग में प्रदेश में अव्वल

**अशोकनगर।** पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी माह मार्च 2026 की सीसीटीएनएस रैंकिंग में जिला अशोकनगर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार पुनः पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि जिला अशोकनगर विगत तीन माह से लगातार इस रैंकिंग में शीर्ष स्थान बनाए हुए है। यह उपलब्धि पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व, प्रभावी मॉनिटरिंग एवं सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। यह उपलब्धि केवल विभागीय कार्यकुशलता का प्रतीक नहीं, बल्कि नागरिकों को प्रदान की जा रही सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित पुलिस सेवाओं का प्रमाण है।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश प्रदान किए गए थे कि थाना स्तर पर पंजीबद्ध अपराधों, विवेचना, आरोपियों, गवाहों, जब्ती, निराकरण एवं अन्य विधिक कार्यवाहियों से संबंधित सभी जानकारी सीसीटीएनएस सॉफ्टवेयर में उपयुक्त, शुद्ध एवं तथ्यात्मक रूप से एवं समय पर दर्ज की जाए। साथ ही डाटा क्वालिटी एवं डाटा क्वांटिटी के मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने हेतु विशेष रूप से जोर दिया गया। सीसीटीएनएस एक अखिल भारतीय परियोजना है जिसके माध्यम से अपराध और अपराधियों का एक राष्ट्रव्यापी डेटाबेस तैयार किया जाता है। इसमें थानों के कामकाज को पेपरलेस बनाने और ऑनलाइन निगरानी की सुविधा मिलती है, जिससे अपराधियों को पकड़ने और विवेचना में तेजी आती है।



#### सीसीटीएनएस माध्यम से नागरिकों को प्राप्त प्रमुख सुविधाएं

अब नागरिक मोबाइल या वाहन चोरी सहित अन्य घटनाओं की रिपोर्ट घर बैठे मोबाइल एप के माध्यम से दर्ज कर सकते हैं। दर्ज रिपोर्ट की डिजिटल कॉपी सभी स्थानों पर मान्य है, जिससे थाने जाने की आवश्यकता समाप्त होती है, साथ ही सायबर फ्रॉड संबंधी एफआईआर की भी सीसीटीएनएस के माध्यम से ही मॉनिटरिंग की जा रही है। चरित्र प्रमाण पत्र एवं अन्य पुलिस वेरिफिकेशन प्रक्रियाएं अब डिजिटल माध्यम से शीघ्रता से पूर्ण हो रही हैं, जिससे नागरिक अपने मोबाईल से ही इस सुविधा का लाभ ले सकते है। पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक शिकायत ऑनलाइन दर्ज होती है एवं फरियादी अपनी शिकायत की प्रगति घर बैठे देख सकता है, जिससे पुलिस कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बढ़ी है।

### नाबालिग बालिका को 24 घंटे के अंदर सकुशल दस्तयाब किया गया

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अति0 पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कँवर, एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में मुस्कान अभियान के अंतर्गत अपहृत नाबालिग बालिका को 24 घंटे के अंदर सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। इसी क्रम में 23 अप्रेल को फरियादिया द्वारा थाना देहात पर अपनी नाबालिग पुत्री के अपहृत होने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उक्त रिपोर्ट पर थाना देहात में अपराध क्रमांक 229/26, धारा 137(2) भा.न्या.सं. के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीमों द्वारा संभावित स्थानों पर सतत दबिश एवं तलाश की कार्यवाही की गई।

## वार्ड क्रमांक 16 में स्मार्ट मीटर का लोगों ने किया विरोध

**अशोकनगर।** अशोकनगर शहर के वार्ड क्रमांक 16 मोहरी रोड क्षेत्र में शुक्रवार को स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। विद्युत विभाग की टीम के पहुंचते ही बड़ी संख्या में महिला-पुरुष सड़क पर उतर आए और मीटर लगाने का विरोध शुरू कर दिया।

स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि विभाग द्वारा बिना पूर्व सूचना और सहमति के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि पहले ही करीब दो दर्जन घरों में मीटर लगाए जा चुके हैं। जब विभाग की टीम दोबारा मीटर लगाने पहुंची तो लोगों ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान कर्मचारियों और रहवासियों के बीच जमकर बहस हुई, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। रहवासियों ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर कर्मचारियों ने एफआईआर कराने और पूरे मोहल्ले की बिजली काटने की धमकी दी।

कुछ लोगों का कहना है कि कर्मचारी बिजली काटने के लिए खंभे पर भी चढ़ने लगे थे। विवाद बढ़ा, टीम लौटी; सड़क पर बैठकर प्रदर्शन विवाद बढ़ने पर बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए, जिसके बाद विवाद बढ़ने पर बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए, जिसके बाद विद्युत विभाग की टीम वापस लौट गई। इसके बाद आक्रोशित लोग सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस और विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। बाद में वार्डवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इसमें बिना सहमति मीटर लगाने पर रोक लगाने, लगे हुए मीटर हटाने और संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। अभिमन्यु पटेल नामक कर्मचारी पर अभद्र व्यवहार और महिलाओं को धमकाने के आरोप भी लगाए गए हैं।

## पखन दरवाजे के पास अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगर के ऐतिहासिक पखन दरवाजा क्षेत्र में शासकीय आबादी की भूमि पर किए जा रहे अवैध अतिक्रमण को आज प्रशासन ने मुस्तैदी दिखाते हुए ध्वस्त कर दिया। रचना साड़ी सेंटर के पास स्थित मस्जिद के समीप बनाए जा रहे एक अवैध शौचालय के निर्माण को तहसीलदार और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने जेसीबी की मदद से तोड़ गिराया।

जानकारी के अनुसार, पखन दरवाजा क्षेत्र में स्थित सरकारी जमीन पर पिछले कुछ समय से अवैध निर्माण की कोशिशें की जा रही थीं। स्थानीय स्तर पर इस अतिक्रमण की लगातार शिकायतें प्रशासन को प्राप्त हो रही थीं। बताया जा रहा है कि यहाँ मस्जिद के पास शासकीय आबादी की भूमि पर बिना अनुमति के शौचालय का निर्माण कराया जा रहा था।

मामले की गंभीरता और कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए तहसीलदार दिलीप दरोगा स्वयं मौके पर पहुंचे। उनके साथ नगर पालिका का अमला और पुलिस बल भी मौजूद रहा।

### मुंगावली के व्यक्ति को कोई ठग नहीं सकता बहुत आगे का होता है

# जिंदगी को नैगलेक्ट मत करो जिंदगी मिली है तो इसको अच्छे से जीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

हमें जो प्रकृति से मिला है, उसका स्वागत करना है इस जिंदगी को गुजारो मत जिंदगी को नैगलेक्ट मत करो जिंदगी मिली है तो इसको अच्छी तरह से जीना सीखो कितने लोग अपनी खुद की जिंदगी को कोसते हैं ऐसे है ही निगोद आदि की यात्रा करते हैं। एक सांस में आठ-दस बार मरते हैं आपको जो भी जिंदगी मिली है इसका हमेशा वैलकम करना। कुदरत ने आपको जिंदगी दी तो है इतना और भी कह देना कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं जो मुझे मनुष्य की पर्याय मिली। प्रभु का धन्यवाद करो जैसे ही तुमने वेलकम किया फिर देखना आपका विकास होना प्रारम्भ हो जायेगा। इसलिए प्रकृति ने जो तुम्हारे लिए दिया है उसमें ख़ुश रहना है। उक्त आश्य केउद्गार सुधा सागर सभागार में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रसंत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए





**हर व्यक्ति सर्व प्रसिद्ध होना चाहता है सारी दुनिया का मैं स्वामी बनना चाहता है**


उन्होंने कहा हर व्यक्ति प्रसिद्ध होना चाहता है सारी दुनिया का मैं स्वामी वनना चाहता है अपनी हुकूमत सारी दुनिया पर चलना चाहता है यहां तक कि सारी दुनिया भगवान का वाप वनना चाहती है। इसके लिए पैसे भी देने को तैयार है भगवान वनने में कोई पैसा नहीं लगता फोक्ट में ही वन जायेंगे भगवान के माता-पिता की पूछ उनके रहने तक ही है आप स्वयं ही समझ सकते हैं कि जव तक तीर्थंकर प्रभु जव तक घर में थे तव तक ही उनकी वखत थी जो सौधर्म इन्द्र सैकड़ों बार अयोध्या आया वहीं सौधर्म इन्द्र क्या कोई भी देवता दीक्षा के वाद एक भी माता पिता की खबर नहीं लेता फिर भी हर व्यक्ति भगवान के माता-पिता वनने को तैयार है भगवान की पूजा तीन लोक में तीनों काल में हो रही है इतने व्यापक हो गये कि जनता ने उनकी मूर्ति वना ली हमने कहा था कि भगवान तो चले गए ओरिजनल भगवान की ताकत तो एक थी लेकिन भक्तो के भगवान कितने है हर प्रतिमा का अतिशय अलग-अलग होती हर मूर्ति की ताकत अलग अलग है मुर्तियां भक्तो की श्रद्धा से वनी है

#### भगवान से भी ज्यादा ताकत भगवान की मूर्ति में होती है

उन्होंने कहा कि भगवान से भी ज्यादा ताकत भगवान की मूर्ति में होती है साक्षात भगवान से भले आप को कुछ ना मिले लेकिन श्रद्धा से अपनी भक्ति अंतरआत्मा की आवाज पर आपने जो मुर्ति बैठाई है वह आपको सब कुछ दे सकती है। जिस कार्य में आपका कोई योग दान न हो उससे कुछ भी पाने की कोशिश मत करना किसी पेड़ से आप एनर्जी चाहते हो तो आपने कभी उसे पानी दिया है उसके बारे में सोचा है किसान को सुखी रोटी बहुत ताकत देती है वहीं रोटी आपका घी दूध से मान मलिदा बनाकर भी खये तो भी वह व्यक्ति की भुख मिटाने का ही काम करेगी आपको दुआये नहीं दे सकती ।

### जोरदार धमाके से घर के खिड़की-दरवाजे टूटे, दीवारों में आई दरार

# गैस लिकेज में रिटायर्ड इंजीनियर की मौत, पत्नी गंभीर रूप से घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा


शहर के शिवधाम कॉलोनी में शुक्रवार सुबह गैस लीकेज से हुए धमाके में एक रिटायर्ड इंजीनियर की मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी गंभीर रूप से झुलस गईं जिनका अस्पताल में उपचार जारी है। यह घटना सुबह करीब 6 बजे चूल्हा जलाने की कोशिश के दौरान हुई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घर में गैस सिलेंडर से रातभर धीरे-धीरे लीकेज होता रहा। बंद कमरे में गैस भरती गई, जिसका परिवार को अंदाजा नहीं लगा। सुबह 85 वर्षीय रिटायर्ड इंजीनियर सुरेश सिंह भल्ला रसोई में पहुंचे और जैसे ही उन्होंने चूल्हा जलाया, कमरे में भरी गैस ने जोरदार विस्फोट का रूप ले लिया। धमाका इतना तेज था कि घर के खिड़की-दरवाजे टूट गए और दीवारों में दरारें आ गईं। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत बाहर निकल आए। पड़ोसियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश की और घायलों को निकालने में मदद की। स्थानीय लोगों की तत्परता से आग पर काबू पाया जा सका।

इस हादसे में सुरेश सिंह भल्ला करीब 80 प्रतिशत तक झुलस गए थे। उन्हें तत्काल ब्यावरा के सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां से गंभीर हालत में भोपाल रेफर कर दिया गया। हालांकि, उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। उनकी पत्नी पद्मावती भल्ला भी आग से झुलसी हैं और उनका इलाज जारी है। मूल रूप से पानीपत निवासी यह दंपति







पिछले 13 वर्षों से ब्यावरा में रह रहा था। उनकी कोई संतान नहीं थी और वे इस मकान में अकेले ही रहते थे। देहात थाना पुलिस के एएसआई गंगा प्रसाद साहू ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में हादसे की वजह गैस लीकेज मानी जा रही है, हालांकि तकनीकी पहलुओं की भी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव



परिजनों को सौंप दिया गया।

### 2 वर्षीय मासूम की मौत, 9 यात्री घायल

# एनएच-46 पर हादसा, स्लीपर बस अनियंत्रित होकर मिट्टी के ढेर में घुसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़






राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर नरसिंहगढ़-गादिया के समीप शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। लखनऊ से इंदौर जा रही एक स्लीपर बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पड़े मिट्टी के ढेर में जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में इंदौर के खजराना क्षेत्र निवासी 2 वर्षीय मासूम अहमद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब 9 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। शादी समारोह से लौट रहा था परिवार जानकारी के अनुसार मृतक मासूम अपने परिवार के साथ एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहा था, तभी यह हादसा हो गया।

#### लापरवाही आई सामने

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बस चालक ने वाहन क्लीनर को सौंप दिया था, जो ब्यावरा से ही बस चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस रास्ते में कई बार लहराती हुई चली और एक स्थान पर सड़क से नीचे उतरने से बाल-बाल बची। यात्रियों द्वारा टोके जाने के बावजूद क्लीनर ने बस चलाना जारी रखा। कुछ दूरी आगे बढ़ने पर बस नियंत्रण खो बैठी और मिट्टी के ढेर में धंस गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही हादसे का मुख्य कारण मानी जा रही है।

# हाईवे हादसे में खुला अवैध शराब तस्करी का राज, दो आरोपी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

गुरुवार को नेशनल हाईवे पर गोपालपुरा के समीप हुए सड़क हादसे ने अवैध शराब तस्करी के मामले का खुलासा कर दिया। जानकारी के अनुसार एक वेगेनार कार क्रमांक एमपी 09 डब्लू एफ 5467 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिरकर पलट गई, जिसमें सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान जगदीश पिता देवीसिंह नागर एवं दुर्गेश पिता भाव सिंह नागर के रूप में हुई है। दोनों को तत्काल सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर होने पर शाजापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने देखा कि कार में भारी मात्रा में देशी शराब भरी हुई थी। बताया जा रहा है कि वाहन में करीब 20 पेटी शराब रखी हुई थी, जो दुर्घटना के दौरान सड़क पर बिखर गई। स्थिति का फायदा उठाते हुए



आसपास के लोगों ने शराब की बोतलें उठा लीं, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए घटनास्थल से करीब 350 क्वार्टर देशी शराब जब्त की। प्रारंभिक जांच में यह शराब अवैध रूप से परिवहन की जा रही थी। पुलिस ने आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि यदि यह हादसा नहीं होता, तो अवैध शराब परिवहन का यह मामला सामने नहीं आ पाता। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

# बस-ट्रक की भिड़ंत में एक की मौत, 28 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नेशनल हाईवे 52 पर पचोर रोड पर शुक्रवार रात्रि में करीब 4 बजे के आसपास एक बस और ट्रक में भिड़ंत हो गई। जिसमें बस हेल्पर परमानंद राजपूत की उपचार के दौरान मौत हो गई और करीब 28 यात्री घायल हुए हैं।

सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं 112 शासकीय वाहनों से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। करनवास क्षेत्र अंतर्गत आजाद पेट्रोल पंप के पास पचोर-ब्यावरा रोड पर बस एवं ट्रक के बीच दुर्घटना घटित हुई। फरियादी नवलकिशोर शर्मा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि बस इंदौर से आगरा जा रही थी जिसमें लगभग 38 यात्री सवार थे। रास्ते में एक ट्रक चालक द्वारा सड़क पर लापरवाही पूर्वक खड़ा कर रखा था। जिसमें बस पीछे से टकरा गई। दुर्घटना में बस हेल्पर कल्लू उर्फ परमानंद राजपूत की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई तथा लगभग 27-28 यात्री घायल हुए हैं।




#### सूचना मिलते ही पुलिस व डायल 112 तुरंत मौके पर पहुंचे

घटना की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे के निर्देशन में ब्यावरा प्रकाश शर्मा, थाना प्रभारी ब्यावरा वीरेन्द्र धाकड़, देहात थाना प्रभारी प्रवीण जाट एवं थाना प्रभारी करनवास संगीता शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। थाना पचोर, देहात ब्यावरा, करनवास, ब्यावरा सिटी की डायल 112 टीम द्वारा तुरंत राहत कार्य प्रारंभ किया गया। डायल 112 वाहनों से 108 एम्बुलेंस का इंतजार किए बिना घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल ब्यावरा पहुंचाया गया। शासकीय वाहनों से भी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। एम्बुलेंस पहुंचने पर शेष घायलों को भी एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस की इस त्वरित, संवेदनशील एवं मानवीय कार्यवाही के कारण घायलों को समय पर उपचार उपलब्ध हो सका। प्रकरण दर्ज थाना करनवास में धारा 281, 125(ए), 125(बी), 106(1) बीएनएस एवं 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# कृषि उपज मंडी के धर्म कांटा में मिली गड़बड़ी, सील किया

**खिलचीपुर।** कृषि उपज मंडी में किसानों के गल्ले की तौल में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। धर्म कांटा संचालक पर किसानों ने कम तौल कर सीधी लूट करने का आरोप लगाया है। किसानों की शिकायत के बाद नापतौल विभाग और मंडी प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में धर्म कांटा को मौके पर ही सील कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार मंडी में उपज बेचने पहुंचे किसानों ने आरोप लगाया कि धर्म कांटे पर बार-बार तौल कराने के बावजूद वजन कम बताया जा रहा था। संदेह होने पर किसानों ने विरोध जताया और मंडी अधिकारियों को शिकायत दी। शिकायत मिलते ही नापतौल विभाग के अधिकारियों और मंडी अधिकारी ने किसानों की मौजूदगी में दोबारा तौल कराई। जांच के दौरान 6 से 7 किसानों के गल्ले की तौल में लगभग 7 से 8 क्विंटल तक का अंतर पाया गया। इतनी बड़ी मात्रा में वजन कम निकलने से किसानों में आक्रोश फैल गया। किसानों ने इसे सुनियोजित तरीके से की जा रही लूट बताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों ने प्राथमिक जांच में गड़बड़ी की पुष्टि होने पर संबंधित धर्म कांटा को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। साथ ही संचालक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मंडी प्रशासन ने कहा कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। वहीं किसानों ने मांग की है कि मंडी में सभी तौल कांटों की नियमित जांच कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी किसान के साथ धोखाधड़ी न हो।

### प्रेसवार्ता में कांग्रेस और सहयोगी दलों पर फूटा गुस्सा

# राजनीतिक स्वार्थ ने करोड़ों महिलाओं का अधिकार छीना : ऊषा ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

हाल ही में लोकसभा में जो हुआ, वह केवल एक संसदीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के अधिकारों से जुड़ा एक अत्यंत गंभीर विषय है।

महिला विरोधी गठबंधन ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी बनाने वाले 131वें संविधान संशोधन विधेयक को रोककर अपनी वास्तविक मानसिकता उजागर कर दी है। एंटी वूमन एलाएंस की सच्चाई देश के सामने आ चुकी है। कांग्रेस, डीएमके और उनके सहयोगियों के इस महिला विरोधी गठबंधन ने न केवल एक



विधेयक को रोका, बल्कि करोड़ों महिलाओं के अधिकारों और भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है।

यह बात शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में महिला आरक्षण एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में विधायक उषा ठाकुर ने कही। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर उपस्थित थे। आगे उषा ठाकुर ने कहां की कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, समाजवादी पार्टी और पूरे इंडिया गठबंधन ने एक ऐतिहासिक अवसर को बाधित किया। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में यह एक निर्णायक कदम था, जिसे राजनीतिक स्वार्थों के कारण रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि तीन तलाक, अनुच्छेद 370 से प्रभावित कश्मीरी महिलाओं के अधिकार का विरोध किया।

कांग्रेस ने महिलाओं के राजनीतिक अधिकारों पर 98 वर्षों का अहसान जताया, लेकिन संसद में उनकी आकांक्षाओं को कुचलते हुए इठलाई, मुस्कुराई, मेज थपथपाई और जश्न मनाया। प्रेसवार्ता के अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री देवी सिंह सोंधिया, जिला कोषाध्यक्ष शैलेश गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी आनंद त्रिपाठी जगदीश दास, नीलम सक्सेना, श्याम मंडलोई, मंडल अध्यक्ष सचिन मौर्य सहित अन्य उपस्थित थे।

### कई समस्याओं का मौके पर ही किया गया निराकरण

# कलेक्टर ने लगाई रात्रि चौपाल, ग्रामीणों से हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सुशासन को जमीनी स्तर तक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा गुरुवार रात्रि जीरापुर ब्लॉक के बाड़गांव एवं खिलचीपुर के दोलाज में रात्रि चौपाल आयोजित की गई। खुले आसमान के नीचे आयोजित इस चौपाल में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने ग्रामीणों और किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा अनेक मामलों में मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए।

चौपाल के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें और किसी भी समस्या की जानकारी बेझिझक प्रशासन तक पहुंचाएं। किसानों से संवाद करते



हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नरवाई न जलाने की अपील करते हुए इसे पर्यावरण, भूमि की उर्वरता और जनस्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया। उन्होंने किसानों को जैविक खेती का महत्व बताते हुए कहा कि इससे न केवल मृदा की गुणवत्ता सुरक्षित रहती है, बल्कि उत्पादन भी दीर्घकालीन रूप से बेहतर होता है।

#### मौके पर ही उपस्थित रहे राजस्व अधिकारी

राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूदगी में राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नामांतरण, बंटवारा एवं अन्य लंबित मामलों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। ग्रामीणों द्वारा गौशाला हेतु भूमि की मांग पर कलेक्टर ने तहसील को एक हेक्टेयर भूमि आवंटन करने के आदेश प्रदान किए। इस अवसर पर सीईओ जिपं डॉ इच्छित गढ़पाले, तहसीलदार जीरापुर कमल सोलंकी सहित जनपद, पंचायत के जिम्मेदार मौजूद थे।

# कायस्थ समाज ने मनाया भगवान चित्रगुप्त जन्मोत्सव

### समाज की प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**राजगढ़।** कायस्थ समाज द्वारा भगवान चित्रगुप्त का प्राकट्योत्सव विभिन्न धार्मिक एवं अन्य आयोजनों के साथ मनाया जाय। चित्रगुप्त मंदिर परिसर में धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्र के साथ ही समाज की होनहार प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया। सुबह मंदिर में भगवान चित्रगुप्त का अभिषेक किया गया। इसके बाद यज्ञ-हवन हुआ, जिसमें समाजजन ने आहुति दी। शाम को महाआरती के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ और मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल रहा। कार्यक्रम में बच्चों व महिलाओं के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गईं। प्रतिभागियों ने पर्यावरण व संस्कृति से जुड़े विषयों पर प्रस्तुतियां दीं। पिछले एक साल में अलग-अलग क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने पर महिला इकाई की कमान उमा सक्सेना एवं युवा अध्यक्ष की जिम्मेदारी यश सक्सेना को सौंपी गई। यह कार्यकारिणी वरिष्ठ अध्यक्ष निर्मल श्रीवास्तव ने घोषित की। अन्य पदों पर उपाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, सचिव दिनेश श्रीवास्तव, उप-सचिव महेंद्र सक्सेना, कोषाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, युवा कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ भटनागर व सहसचिव अनुराग श्रीवास्तव को चुना गया।

**मंदिर विकास पर भी हुई चर्चा:** आयोजन के दौरान समाजजन ने चित्रगुप्त मंदिर के विकास को लेकर सुझाव दिए। इन सुझावों के आधार पर आगे कार्ययोजना बनाने की बात कही गई। समाजजनों ने बताया कि समाज को एकजुट रखने के लिए सालभर अलग-अलग कार्यक्रम होते हैं। महाराजा चित्रगुप्त के प्राकट्योत्सव का कार्यक्रम इसी कड़ी का प्रमुख आयोजन है।

### निरस्तीकरण के लिए न बीएमओ न ही सांख्यिकी विभाग ने उठाया कोई कदम

# 500 से अधिक फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र बने लेकिन निरस्त एक भी नहीं

#### जीरापुर ब्लॉक के तहत आ रहे रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का मामला, जांच हो तो जिले के अन्य केंद्रों से भी सामने आ सकता है ऐसा फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के स्वास्थ्य महकमे में चल रहे गड़बड़झालों में रोजाना नए-नए खुलासे हो रहे हैं। विगत दिनों जीरापुर विकासखंड के तहत आ रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ में 200 से अधिक फर्जी जन्म-प्रमाण पत्र जनरेट किए जाने का मामला सामने आया था। इस मामले में विभाग द्वारा अपने स्तर से करवाई गई जांच में अब खुलासा हुआ है कि अकेले रामगढ़ केंद से ही 500 से ज्यादा फर्जी जन्म-प्रमाण जारी हुए हैं। इस पूरी कारगुजारी को अक्टूबर 2024 से फरवरी 2026 के मध्य तत्कालीन कप्यूटर ऑपरेटर अर्र्जुन बैरागी ने लोक सेवा केंद्र के कर्मचारियों के साथ मिलकर अंजाम दिया था। विभाग द्वारा राजगढ़ पुलिस को दिए गए प्रतिवेदन के उपरान्त मुख्य सरगना अर्जुन बैरागी सहित 6 अन्य लोगों पर एफआईआर दर्ज करते हुए भलेही उन्हें जेल भेज दिया गया हो लेकिन इस मामले में बड़ा प्रश्न यह भी है कि जितने जाली बर्थ सर्टिफिकेट जारी हो चुके हैं




क्या सांख्यिकी विभाग द्वारा उन्हें निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही उक्त फर्जीवाड़ा सिर्फ जिले के एक ही केंद्र से सामने आया है। ऐसे में इस बात की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि अगर प्रशासन द्वारा वृहद स्तर से जांच करवाई जाए तो जिले के अन्य केंद्रों से भी इस तरह के मामले सामने आ सकते हैं।

#### अंतरराज्यीय गिरोह के जुड़े होने की संभावना

रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से जितने भी फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र जारी हुए हैं उनमें न केवल मध्यप्रदेश बल्कि तेलंगाना, बिहार, उत्तर-प्रदेश, असम सहित अन्य राज्यों के व्यक्तियों के हैं। ऐसे में कोई बड़ी बात नहीं कि गिरफ्तार व्यक्तियों के अलावा भी कोई बड़ा सिंडीकेट जिले में सक्रिय हो जो अन्य केंद्रों से भी फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र जारी करवा रहा हो।

#### जांच हो तो हो सामने आ सकते हैं अन्य नाम

फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र के इस पूरे मामले में कार्यवाही की तलवार सिर्फ कम्प्यूटर ऑपरेटर अर्जुन बैरागी और लोक सेवा केंद्र में कार्यरत उसके कुछ साथियों तक ही सिमट कर रह गई है। अगर विभाग या प्रशासन द्वारा गहराई से पूरे मामले की पड़ताल करवाई जाए तो रामगढ़ एवं जीरापुर ब्लौक के अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों की संलिप्तता भी सामने आ सकती है।

#### भारत के बाहरी नागरिक के भी हो सकते हैं जन्म प्रमाण-पत्र

आमजनों का कहना है कि फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र के मामले को सिर्फ एक छोटे से अपराध के रूप में भी नहीं देखा जाना चाहिए। यह भी संभव है कि भारत में विदेशी घुसपैठ करने वाले वाले लोगों के भी जन्म प्रमाण-पत्र जारी हो चुके हों एवं इन्हीं जन्म प्रमाण-पत्रों के आधार पर घुसपैठियों ने आधार सहित अपने अन्य दस्तावेज भी तैयार करवा लिए हों।

#### कार्रवाई करेंगे...

फर्जी जन्म प्रमाण-पत्रों के निरस्तीकरण के लिए हम आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग से परामर्श लेकर आगे उचित कार्यवाही करेंगे।

सुनील चैरसिया, बीएमओ, ब्लॉक जीरापुर

#### बीएमओ स्तर से ही निरस्त होंगे

केंद्र पर जन्मे बच्चों के अलावा जो भी सर्टिफिगेट जारी हुआ है वह फर्जी है। ऐसे सभी फर्जी प्रमाण-पत्र बीएमओ स्तर से ही निरस्त होंगे, हमारे स्तर से नहीं। मैं बीएमओ से चर्चा करके आगे की कार्यवाही करवाता हूं।

कमल किशोर, सांख्यिकी अधिकारी, राजगढ़